आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
शनिवार 06.04.2024
समय 1830

मुख्य समाचारः—

- उत्तराखंड क्रांति दल ने लोक सभा चुनाव के लिए पार्टी का संकल्प पत्र जारी किया।
- प्रदेश में लोकसभा चुनाव के लिए सभी राजनीतिक दलों ने चुनाव प्रचार अभियान तेज किया। वरिष्ठ भाजपा नेता पुष्कर सिंह धामी ने रुद्रप्रयाग और कांग्रेस नेता हरीश रावत ने हरिद्वार में रोड़—शो किया।
- रुद्रप्रयाग जिला प्रशासन ने आगामी केदारनाथ यात्रा के दौरान व्यापारियों को प्लास्टिक पैकिंग वस्तुओं पर रिफंडेबल डिपाजिट क्यूआर कोड लगाने के निर्देश दिए।
- प्रदेश में ''ऑपरेशन मुक्ति'' अभियान के तहत अबतक 3 हजार 981 बच्चों का स्कूलों में दाखिला कराया गया।

उत्तराखंड क्रांति दल

उत्तराखंड क्रांति दल ने लोक सभा चुनाव 2024 के लिए आज पार्टी का संकल्प पत्र जारी कर दिया है। यूकेडी ने संकल्प पत्र में परिसम्पत्तियों का बटवारा, गंगा जमुना बोर्ड को भंग करना, राज्य में स्थापित परियोजनाओं पर पूर्ण अधिकार व मूल निवास, भू कानून लागू करना, गढ़वाली कुमाउनी, जौनसारी भाषा को 8वीं सूची में शामिल करना और पुरानी पेंशन व ''वन रेंक, वन पेंशन'' लागू करने का वायदा किया है।

चुनाव प्रचार

प्रदेश में लोकसभा चुनाव के लिए सभी राजनीतिक दलों ने चुनाव प्रचार अभियान तेज कर दिया है। प्रमुख राजनीतिक दलों के वरिष्ठ नेता राज्य के विभिन्न हिस्सों में जन—सभाएं और रोड—शो कर रहे हैं। इसके साथ ही चुनाव में हिस्सा ले रहे उम्मीदवार भी जनसंपर्क कर अपने समर्थन में मतदान करने की अपील करने में जुटे हैं। वरिष्ठ कांग्रेस नेता और पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत ने आज हरिद्वार में रोड़—शो कर मतदाताओं से पार्टी के पक्ष में मतदान की अपील की। इस बीच, लोकसभा चुनाव के लिए कांग्रेस ने उत्तराखंड के लिए स्टार प्रचारकों की सूची जारी कर दी है। सूची में पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, राहुल गांधी और प्रियंका गांधी समेत 40 बड़े नेताओं को शामिल किया गया है। उधर, भाजपा के वरिष्ठ नेता व मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आज रूद्रप्रयाग के जखोली में विजय संकल्प रैली निकाली और लोकसभा चुनाव में भाजपा के पक्ष में जनसमर्थन मांगा। वहीं, टिहरी लोकसभा क्षेत्र के बहुजन समाज पार्टी के प्रत्याशी ने पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ नई टिहरी, बौराडी, कोटी कॉलोनी क्षेत्रों का भ्रमण कर जनसंपर्क कर समर्थन मांगा।

मतदाता जागरूकता

प्रदेश में लोकसभा चुनाव में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए स्वीप जगह–जगह विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन रहा है। इसी कड़ी में चमोली में स्वीप कर्मचारियों ने जिले से बाहर रहने वाले मतदाताओं से बातचीत कर उन्हें मतदान के लिए प्रेरित किया। टीम ने जोशीमठ के साथ ही दशोली विकासखण्ड के भीमतल्ला और छिनका गांवों में बूथ चौपाल का आयोजन कर मतदाताओं को मतदान करने की शपथ दिलाई। इस बीच, अंतर्राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर चमोली और हरिद्वार खेल विभाग ने मतदाता जागरूकता अभियान के तहत खिलाडियों के लिए वॉलीबॉल व फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया। इस दौरान खिलाड़ियों और दर्शकों को मतदान की शपथ दिलाई गई।

ड्राई डे घोषित

भारत निर्वाचन आयोग ने लोकसभा चुनाव को लेकर प्रदेश में 17 से 19 अप्रैल तक ड्राई–डे घोषित किया है। यह जानकारी देते हुए अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी विजय कुमार जोगदंडे ने बताया कि राज्य में मतदान दिवस से 48 घंटे पहले व मतदान समाप्ति तक यानी 17 से 19 अप्रैल तक शराब की दुकानें बंद रहेंगी। उन्होंने बताया कि मतगणना के दिन यानी चार जून को भी शराब की दुकानें बंद रहेंगी। इस अवधि में किसी भी होटल, रेस्टोरेंट, बार, दुकान और अन्य स्थानों पर भी शराब तथा अन्य मादक पदार्थ की बिक्री प्रतिबंधित रहेगा।

रूद्रप्रयाग निर्वाचन

रुद्रप्रयाग जिले में लोकसभा चुनाव की सभी तैयारियां पूरी कर ली गयी हैं। आज यह जानकारी देते हुए उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्याम सिंह राणा ने बताया कि गढ़वाल संसदीय क्षेत्र के अन्तर्गत आने वाली जिले की दोनों विधानसभा सीटों पर 19 अप्रैल को मतदान होना है। उन्होंने कहा कि निर्वाचन प्रक्रिया को संपादित कराने के लिए मतदान कर्मचारियों को द्वितीय चरण का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। गौरतलब है कि जिले की दोनों विधानसभा क्षेत्रों में कुल मतदाताओं की संख्या 1 लाख 95 हजार 623 है, जिसमें 97 हजार 250 पुरूष मतदाता और 98 हजार 3 सौ 73 महिला मतदाता शामिल हैं। इसके अलावा जिले में दिव्यांग मतदाताओं की संख्या कुल संख्या 2 हजार 3 सौ 11 है, जबकि 85 वर्ष से अधिक आयु के मतदाओं की संख्या 1 हजार 563 है।

संवेदनशील मतदान केंद्र

लोकसभा सामान्य निर्वाचन–2024 के लिए प्रदेश के एक हजार 3 सौ 65 बूथ को संवेदनशील और 8 सौ 9 बूथों को अति संवेदनशील चिह्नित किया गया है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी विजय कुमार जोगदंडे ने बताया कि चिह्नित अति संवेदनशील बूथों पर विशेष रूप से ध्यान रखने के लिए पुलिस बल और अर्द्धसैन्य बलों की तैनाती की जाएगी। इस बीच, मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने आज देहरादून के डाकरा में लगाए गए पोस्टल बैलेट मतदान कैंप का निरीक्षण किया। इस दौरान उनकी उपस्थिति में होम वोटिंग की सुविधा के तहत आज 85 मतदाताओं को मतदान कराया गया। गौरतलब है कि प्रदेश की पांचों लोकसभा सीटों पर पहले चरण में 19 अप्रैल को मतदान होना है।

प्लास्टिक मुक्त

श्री केदारनाथ धाम यात्रा को स्वच्छ और प्लास्टिक मुक्त बनाने के लिए रुद्रप्रयाग जिला प्रशासन तैयारियों में जुट गया है। इसके लिए जिलाधिकारी सौरभ गहरवार ने व्यापारियों को प्लास्टिक पैकिंग वस्तुओं पर रिफंडेबल डिपाजिट क्यूआर कोड लगाने के निर्देश दिए हैं। ऊखीमठ के उप जिलाधिकारी अनिल कुमार शुक्ला ने बताया कि यात्रा के दौरान विक्रय सामग्रियों पर अनिवार्य रूप से रिफंडेबल डिपाजिट क्यूआर कोड लगाना होगा। उन्होंने कहा कि जो भी व्यापारी प्लास्टिक की बनी या प्लास्टिक से ढकी सामग्रियों पर क्यूआर कोड नहीं लगायेगा उनके विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।

''ऑपरेशन मुक्ति''

उत्तराखंड पुलिस, प्रदेश में भिक्षावृत्ति की प्रभावी रोकथाम और इसमें शामिल बच्चों को शिक्षा के लिए प्रेरित कर उनके पुनर्वास के लिए ''ऑपरेशन मुक्ति'' अभियान चला रही है। इसी कड़ी में पुलिस की एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट की ओर से 1 मार्च से 31 मार्च 2024 तक प्रदेश के सभी जिलों में यह अभियान चलाया गया। इस दौरान संबंधित विभागों और स्वयंसेवी संगठनों का भी सहयोग लिया गया। अभियान के तहत मार्च माह में 8 सौ 92 बच्चों का सत्यापन किया गया, जिसमें से कुल 3 सौ 78 बच्चों का विद्यालयों में दाखिला कराया गया। गौरतलब है कि 2017 से अब तक 8 हजार 562 बच्चों का सत्यापन किया गया है और इसमें से 3 हजार 981 बच्चों का स्कूलों में दाखिला कराया गया है।

गुलदार कैद

पौड़ी गढ़वाल के श्रीकोट गंगानाली क्षेत्र में खौफ का पर्याय बने गुलदार को आज सुबह पिंजरे में कैद कर लिया गया है। प्रभागीय वनाधिकारी स्वप्निल अनिरुद्ध ने बताया कि कल देर रात हुई घटना के बाद से वन विभाग पूरे इलाके में में गस्त कर रहा था। उन्होंने बताया कि करीब 3 से 4 वर्ष का गुलदार पिंजरे में कैद हुआ है, जिसे रेस्क्यू कर नागदेव रेंज पौड़ी लाया गया है।

गौरतलब है कि बीती शाम श्रीकोट गंगानाली में गुलदार एक 7 वर्षीय बच्ची को उसके घर के आंगन से उठा ले गया था। खोजबीन के दौरान बच्ची घर से 100 मीटर दूर पर झाड़ियों में बेहोशी की हालत में मिली। घायल बच्ची का उपचार एम्स ऋषिकेश में चल रहा है।

राजभवन

देहरादून स्थित राजभवन आने वाले आगंतुक जल्द ही तितलियों के रंग–बिरंगे संसार को देख सकेंगे। इसके लिए जल्द ही राजभवन में ''बटरफ्लाई गार्डन'' तैयार किया जाएगा। इसको लेकर राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह ने आज राजभवन में प्रमुख वन संरक्षक समीर सिन्हा से चर्चा की। राज्यपाल ने कहा की उत्तराखंड में जैव विविधता के साथ ही तितलियों का मोहक संसार बसता है। उन्होंने कहा की राजभवन परिसर में विभिन्न प्रकार के पेड़–पौधे हैं जो तितलियों और पक्षियों के लिए मुफीद है। इस पर श्री समीर सिन्हा ने कहा कि परिसर को और बेहतर बनाने के लिए जल्द ही राजभवन में ''बटरफ्लाई गार्डन'' बनाया जाएगा।

पारिवारिक न्यायालय सम्मेलन

देश में परिवारों की समस्याओं के समाधान के उद्देश्य से आज से देहरादून में पारिवारिक न्यायालय मामलों पर दो दिवसीय सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। सेमिनार में देश के उत्तरी क्षेत्र के राज्यों के पारिवारिक न्यायालयों से जुड़े न्यायाधीश, वकील और परामर्शदाता भाग ले रहे हैं। सेमिनार के पहले दिन उच्चतम न्यायालय में फैमिली कोर्ट कमेटी की अध्यक्ष जस्टिस हिमा कोहली ने कहा कि परिवारों में कलह के कारण अदालतों में मामले दायर हो रहे हैं। इसका बच्चों पर भी नकारात्मक प्रभाव पड़ रहा है, जो देश और समाज के लिए चिंता का विषय है। उन्होंने कहा कि इस सम्मेलन में जो भी प्रभावी सुझाव सामने आएंगे उन्हें राष्ट्रीय स्तर पर लागू किया जाएगा, ताकि परिवारों को टूटने से बचाया जा सके। वहीं, उत्तराखंड उच्च न्यायालय की मुख्य न्यायाधीश जस्टिस ऋतु बाहरी ने कहा कि आज परिवारों में होने वाले झगड़ों का असर देश और समाज पर देखा जा सकता है।

सोमवती अमावस्या स्नान

आगामी सोमवार को होने वाले सोमवती अमावस्या स्नान के लिए हरिद्वार में व्यवस्थाओं को अंतिम रूप दिया जा रहा है। तैयारियों का जायजा लेने के लिए आज अपर पुलिस महानिदेशक एपी अंशुमन और गढ़वाल पुलिस महानिरीक्षक करण सिंह नगन्याल हरिद्वार पहुंचे। इस दौरान उन्होंने मेला नियंत्रण कक्ष और अन्य स्थानों का निरीक्षण किया। इसके साथ ही उन्होंने मनसा देवी, चंडी देवी रोपवे का भौतिक निरीक्षण कर यातायात सहित भीड़ नियंत्रण पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रमेन्द्र डोबाल को आवश्यक निर्देश दिए।

भारतीय रिज़र्व बैंक

भारतीय रिज़र्व बैंक जल्द ही यूपीआई के माध्यम से नकद राशि जमा कराने की सुविधा प्रदान करेगा। फिलहाल यूपीआई का उपयोग धन के डिजिटल लेन–देन के लिए किया जाता है।

भाजपा दिवस

भारतीय जनता पार्टी के 45वें स्थापना दिवस पर पार्टी के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, पार्टी के वरिष्ठ नेता अमित शाह और पार्टी अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने पार्टी कार्यकर्ताओं को शुभकामनाएं दी हैं। श्री मोदी ने सोशल मीडिया पोस्ट में पार्टी कार्यकर्ताओं को बधाई दी है और वर्षों से पार्टी के निर्माण में उनकी कडी मेहनत, संघर्ष और बलिदान के प्रति आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि पार्टी को एन डी ए का अभिन्न हिस्सा बनने पर गर्व है और वह अपने सहयोगी दलों की भागीदारी को महत्व देती है। इस बीच, श्री अमित शाह ने भाजपा को विश्व का सबसे बडा राजनीतिक दल बनाने पर पार्टी कार्यकर्ताओं को धन्यवाद दिया। श्री नड्डा ने पार्टी के राष्ट्रव्यापी विस्तार करने के लिए वरिष्ठ नेताओं के प्रति भी सम्मान जताया।